# सेतु बंधन योजना: CRIF

**[स्रोत: पी.आई.बी.]**

हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने **केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढाँचा कोष** (Central Road and Infrastructure Fund- CRIF) के तहत **सेतु बंधन योजना** के अंतर्गत **अरुणाचल प्रदेश में सात प्रमुख पुल परियोजनाओं को मंज़ूरी** दी है।

- 118.50 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली ये परियोजनाएँ **वित्तीय वर्ष 2023-24** के दौरान कार्यान्वयन के लिये निर्धारित हैं।

## केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढाँचा कोष (CRIF):

- **परिचय:**
  - केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढाँचा कोष **(जिसे पहले सेंट्रल रोड फंड के नाम से जाना जाता था**) की स्थापना वर्ष 2000 में **केंद्रीय सड़क कोष अधिनियम, 2000** के तहत की गई थी।
  - इस फंड में **पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क के साथ लगाया गया उपकर** शामिल है।
  - CRIF वित्त मंत्रालय के नियंत्रण के अधीन है।
    - पहले यह **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन** था।
- **केंद्रीय सड़क कोष अधिनियम (संशोधन), 2018:**
  - इस संशोधन के बाद **केंद्रीय सड़क कोष** का नाम बदलकर **केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढाँचा कोष** (Central Road and Infrastructure Fund- CRIF) कर दिया गया है।
  - इस संशोधन के बाद **जलमार्ग, रेलवे बुनियादी ढाँचे के कुछ हिस्से और शैक्षणिक संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों** आदि सहित सामाजिक बुनियादी ढाँचे व अन्य बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिये **CRIF के तहत सड़क उपकर की आय का उपयोग करने की** अनुमति प्रदान की गई।
- **सेतु बंधन योजना:**
  - "सेतु बंधन योजना" सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य **राज्य की सड़कों पर रेल ओवर ब्रिज (ROBs), रेल अंडर ब्रिज (RUBs) और अन्य पुलों के निर्माण** कार्य को सुविधाजनक बनाना है।
  - यह कार्यक्रम **मौजूदा क्रॉसिंग/समपारों के स्थान पर पुलों का निर्माण कर सड़क सुरक्षा में वृद्धि करने के लिये** डिज़ाइन किया गया है, जिससे अंततः इन स्थानों पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/setu-bandhan-scheme-crif